## दिनांक-13.01.2026 को आयोजित विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर परिक्षेत्राधीन जल निस्सरण प्रमंडल, बेतिया के अन्तर्गत A.E. Work Between Km 5.00 to Km 5.62 of P.D. Ring Bundh near village Singahi (Agenda No.-242/32/2026) कार्य की निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-01 SBD/2025-26 (ग्रुप संख्या-02) के तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति के द्वारा की गयी अनुशंसा पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक दिनांक-13.01.2026 को सम्पन्न हुई।

**बैठक में उपस्थित पदाधिकारीगण :-**

i. श्री संतोष कुमार मल्ल, प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना।

ii. श्री वरूण कुमार, अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना।

iii. श्री धर्मेन्द्र कुमार, मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर।

iv. श्री अरविन्द कुमार बर्मा, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जल संसाधन विभाग, पटना।

**(A) कार्य की विवरणी :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | कार्य का नाम | :- | A.E. Work Between Km 5.00 to Km 5.62 of P.D. Ring Bundh near village Singahi (Agenda No.-242/32/2026) |
| (ख) | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | :- | 465.69 लाख विभागीय पत्रांक-5196 दिनांक-31.12.2025 |
| (ग) | समाचार पत्र में प्रकाशन | :- | हिन्दुस्तान, पटना/मुजफ्फरपुर, दिनांक-19.12.2025<br>PR No-019906 (WRD) 2025-26 |
| (घ) | परिमाण विपत्र की राशि | :- | रु० 410.99498 लाख |
| (ङ) | निविदा प्राप्ति की तिथि | :- | दिनांक-30.12.2025 |
| (च) | कार्य पूर्ण करने की तिथि | :- | 15.05.2026 |
| (छ) | प्राप्त निविदा की संख्या | :- | 02 (दो) अदद् |
| (ज) | प्रमंडल का नाम | :- | जल निस्सरण प्रमंडल, बेतिया |
| (झ) | निविदा की प्रक्रिया | :- | ई-टेन्डरिंग |

**(B) समीक्षा:-**

दिनांक-09.01.2026 को सम्पन्न बैठक में विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति द्वारा मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर से प्राप्त निविदा अभिलेखों की समीक्षा के आधार पर स्थिति निम्नवत् है:-

1. **Dhananjay Kumar Singh, Aurangabad, Bihar:-** इनके द्वारा समर्पित निविदा अभिलेख ITB के कंडिका-4.5(B)(a) Key Plant & Equipment (Concrete Mixer Machine) से संबंधित अभिलेख समर्पित नही किया गया है। साथ ही इनके द्वारा समर्पित निविदा अभिलेख में संलग्न Existing Commitment से संबंधित अभिलेख Engineer in charge से विहित प्रपत्र में प्रतिहस्ताक्षरित नहीं है, जो विभागीय पत्रांक-704 दिनांक-03.08.2018 के अनुरूप नही है, जिसके फलस्वरूप Bid capacity की वास्तविक गणना संभव नही है। अतः ये तकनीकी बीड की वांछित अहर्त्ताएँ पूर्ण नही करते है।

2. **Prakash Kumar Jain, Birpur, Supaul, Bihar :-** इनके द्वारा तकनीकी बीड की सभी वांछित अहर्त्ताएँ पूर्ण करने से संबंधित अभिलेख संलग्न किये गये है। अतः ये तकनीकी बीड की वांछित अहर्त्ताएँ पूर्ण करते है।

तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति द्वारा समीक्षोपरान्त वर्णित निविदा में सम्मलित 02 (दो) अदद् निविदादाताओं में से 01 (एक) अदद् निविदादाता यथा (1) Prakash Kumar Jain, Birpur, Supaul, Bihar द्वारा तकनीकी बीड की वांछित अहर्त्ता पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल करने तथा 01 (एक) अदद् निविदादाता यथा (1) Dhananjay Kumar Singh, Aurangabad, Bihar द्वारा तकनीकी बीड की वांछित अहर्त्ताएँ पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड में असफल करने की अनुशंसा की गयी।

उल्लेखनीय है कि उक्त कार्य की एकल निविदा के निस्तार हेतु पूर्व से ही विभागीय अनुमोदन प्राप्त है। पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या-3162(S) दिनांक-09.05.2016 की कंडिका-(2) के आलोक में उक्त एकल निविदा पर विभागीय निविदा समिति द्वारा निर्णय लिया जाना है ।

(C) विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-

विभागीय निविदा समिति द्वारा समीक्षोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति की अनुशंसा पर सहमति देते हुए पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या-3162 (S) दिनांक-09.05.2016 की कंडिका-3 के आलोक में मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर को तकनीकी बीड में सफल 01 (एक) अदद् निविदादाता यथा (1) Prakash Kumar Jain, Birpur, Supaul, Bihar से इस आशय की सहमति कि "यदि उनके द्वारा उद्धृत दर परिमाण विपत्र की दर से अधिक पाया जाता है, तो वे यह कार्य उनके द्वारा उद्धृत दर या दर वार्त्ता में जो न्यूनतम हो, पर करने के लिए सहमत होंगे" लेने के उपरान्त उनका वित्तीय बीड खोलकर विभागीय निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया।

13/01/26
(अरविन्द कुमार वर्मा)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार
जल संसाधन विभाग, पटना

13/1/26
(धर्मेन्द्र कुमार)
मुख्य अभियंता
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर

13/01/2026
(वरूण कुमार)
अभियंता प्रमुख
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
जल संसाधन विभाग, पटना

13/1
(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव
जल संसाधन विभाग, पटना

पत्रांक:-बाढ़(मो०)सि०नि०-01/2026- 160 /पटना, दिनांक:- 13-01-2026

प्रतिलिपि:- मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित। अनुरोध है कि विभागीय पत्रांक-786 दिनांक-06.02.2025 के आलोक में कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

13/1/26
(विवेक गौरव)
अधीक्षण अभियंता

पत्रांक:-बाढ़(मो०)सि०नि०-01/2026- 160 /पटना, दिनांक:- 13-01-2026

प्रतिलिपि:- कार्यपालक अभियंता, आई०टी०, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

13/1/26
(विवेक गौरव)
अधीक्षण अभियंता